Request for a National Geriatric Care system to support growing population of senior citizens

सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) : धन्यवाद सभापति महोदया । आपके माध्यम से मैं एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहूंगी कि पूरे वैश्विक स्तर पर जनसंख्या रैपिडली एज कर रही है । यह प्रोजेक्ट किया गया है कि भारत में जहां वर्ष 2009 में सीनियर सिटिजन्स हमारी जनसंख्या का मात्र 7 प्रतिशत थे, वे वर्ष 2050 तकजनसंख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा बन जाएंगे । यानी जब हम विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध कर लेंगे, तब हमारे देश में सीनियर सिटिजन्स की जनसंख्या भी काफी बड़ी होगी । अत: आपके माध्यम से मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि राष्ट्रीय स्तर की जिरियाट्रिक केयर रोडमैप जरूर बनाई जाए ।

महोदया, सबसे पहले मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने विश्व की सबसे बड़ी और व्यापक हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम आयुष्मान भारत लाकर भारत में बहुत रॉबस्ट हेल्थ केयर सिस्टम बनाया है । आयुष्मान भारत में वय वंदना योजना लाकर जहां 70 वर्ष से बड़े जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं, वे चाहे जैसी भी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आते हों, उनको 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलता है । इससे उन्होंने यह तो सुनिश्चित कर दिया कि आयुष्मान भारत अब केवल हेल्थ इंश्योरेंस नहीं, हेल्थ अश्योरेंस स्कीम बन जाए, लेकिन यदि नैशनल लेवल का जिरियाट्रिक केयर रोडमैप होगा, तो उसमें जिरियाट्रिक केयर की ट्रेन्ड वर्कफोर्स भी हो व कम्युनिटी हाउसिंग भी हो, यह मेरा निवेदन है । धन्यवाद ।